


500Rs.

INDIA NON JUDICIAL







FIVE HUNDRED RUPEES

विक्रय पत्र कीमत कुल 30,000/– रूपये मात्र

विक्रेता :– (1). श्री काशीनाथ चक्रवर्ती पिता स्व0 अकुल चन्द्र चक्रवर्ती,
(2). श्री सान्तु चक्रवर्ती | पिता श्री काशीनाथ चक्रवर्ती
(3). श्री ~~मान्तु~~ मनोज चक्रवर्ती |

सर्व जाति – ब्राह्मण, सर्व पेशा – खेतीआदि, सर्व साकिनान – रामपुर, थाना – मोहनपुर, सबडिविजन, सबरजिस्ट्री व जिला – देवघर।

क्रेता :– श्रीमती रीमा कुमारी पति श्री रजनीकान्त झा, जाति – ब्राह्मण, पेशा – स्वरोजगार, साकिन – नीता किंडर गार्डेन गली, ग्राम – बाबुटोला, पो०, थाना, सबडिविजन, सबरजिस्ट्री व जिला – बॉका (बिहार)।

लेख्य प्रकार :– विक्रय पत्र
सम्पत्ति की कीमत :– कुल 30,000/– रूपये मात्र
सम्पत्ति का विवरण :– निम्न तफसील सम्पत्ति में वर्णित हैं।

ATTESTED
29.21
REGD. NO.-2253
GOVT OF JHARKHAND

(1)

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs 100

सत्यमेव जयते

भारत

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

विदित हो कि जिला – संताल परगना, वर्तमान जिला – देवघर, थाना – मोहनपुर, सबडिविजन व सबरजिस्ट्री – देवघर, सामिल मौजा – रामपुर, नं0 – 581, के अन्दर कामत सत्व की जमीन जमाबंदी न0 – 55, जो गत् सर्वे सेटलमेंट पर्चा में जयकुमार चकवर्ती, विजय नारायण चकवर्ती, सुर्य नारायण चकवर्ती व महादेव चकवर्ती सर्व पिता बनवारी चकवर्ती के नाम से दर्ज हैं।

उपर्युक्त पर्चाधारीयो के बाद उन लोगो के वारीसान रघुनाथ चकवर्ती वगैरह, कराली प्रसाद चकवर्ती वगैरह, पशुपति नाथ चकवर्ती वगैरह तथा अकुल चन्द्र चकवर्ती कुल सम्पत्तियों के हकदार और दखलकार हुए।

उपर्युक्त सभी अंशदारो के बीच आपुसी बँटवारा करने पर अन्यान्य सम्पत्तियों के साथ निम्न तफसील सम्पत्ति में वर्णित सम्पत्ति सेटलमेंट प्लॉट नं0 – 208 का अंश, रकवा 67 डिसमिल अकुल चन्द्र चकवर्ती पिता सुर्य नारायण चकवर्ती के हिस्से में मिली।

अकुल चन्द्र चकवर्ती के बाद उनके पुत्र काशीनाथ चकवर्ती तथा काशीनाथ चकवर्ती के दो पुत्र सान्तु चकवर्ती व मान्तु चकवर्ती उक्त सम्पत्ति के हकदार और दखलकार हुए।



ATTESTED
NOTARY REGD. NO.-2251
GOVT. OF JHARKHAND

500Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०० रु. Rs 500

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच सौ रुपये FIVE HUNDRED RUPEES

अभी हम विक्रेतागण को रूपये की सख्त जरूरत है, इसलिए उक्त सम्पत्ति के अन्दर रकवा 3497 वर्गफीट जो निम्न तफसील सम्पत्ति में वर्णित है, को बिकी करने का सोहरत किये।

आप केता इसे अभी के बाजार भाव की दर से अधिकतम कीमत पर खरीद करने की इच्छा जाहिर करने पर उभय पक्षों की मंजुरी से इसकी कीमत कुल 30,000/रूपये कायम हुए।

अतएव आज तारीख हम विकेतागण आप केता से कीमत का कुल रूपया लेकर निम्न तफसील में वर्णित सम्पत्ति जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से रंगा अंश में दिखाया गया हैं, मय कुल हक हकुक आप केता के पास बिकी कर दिये और आपके दखल कब्जे में दे दिये।

अब आप केता हम विकेतागण के सत्व व दखल से सत्ववती व दखलकारिणी होकर मय अपने पुत्र पौत्रादि वारिसान व स्थलाभिषिक्तगण कम से भोग, दखल, दान, बिकी, मोरगेज व नाना प्रकार के वारदेन व

ATTESTED
NOTARY REGD. NO.-2253
GOVT. OF JHARKHAND

100Rs.

INDIA NON JUDICIAL

१०० रु. Rs. 100

एक सौ रुपये ONE HUNDRED RUPEES

हस्तान्तरण आदि करने की अधिकारिणी होकर स्वेच्छा पूर्वक भोग दखल करते रहे इसमें हम विकेतागण मय वारिसान को किसी भी तरह की उज्र आपत्ति नही होगी न कोई कर सकेगा अगर कोई करे तो वह न्यायालय से निरस्त होगा।

निम्न विकीर्त सम्पत्ति का हम विकेतागण ही मालिक हैं, इसमें दुसरा कोई अंशदार या दखलकार नहीं हैं व इसके पहले निम्न सम्पत्ति को किसी के पास किसी तरह का दाय–संयुक्त या हस्तान्तरण आदि नही किये है। यानि हर तरह से साफ व पाक है।

निम्न बिकीत सम्पत्ति के सम्बंध में अगर भविष्य में हम विकेतागण मय वारिसान को कुछ लिखना या करना पडेगा तो ऐसी स्थिति में आप केता मय वारिसान के अनुरोध व खर्च से वैसा लिखने व करने को तैयार रहुगे।

अतएव आज तारीख हम विकेतागण स्वेच्छा से मन व शरीर की स्वस्थता में रहकर बिना किसी के दवाब या बहकावे के कीमत का कुल रूपये लेकर यह विक्रय पत्र लिख दिये जो प्रमाण रहे।

*दिनांक* :–



ATTESTED

## तफसील सम्पत्ति

थाना नं0 – 581, जिला, सबडिविजन व सबरजिस्ट्री – देवघर, थाना – मोहनपुर, सामिल मौजा – रामपुर, के अन्दर कामत सत्व की जमीन, सेटलमेंट प्लॉट नं0 – 208 का अंश, सव प्लॉट नं0 –1, रकवा 3497 वर्गफीट (तीन हजार चार सौ सनतानबे वर्गफीट), अन्दर जमाबंदी नं0 – 55/5 वमोजीव शामिल शुद नक्शा में लाल रंगा हुआ मय कुल हक हकुक ब्रिकी किये, जिसकी चौहद्दी –:

*उत्तर* :– विक्रेता की जमीन सव प्लॉट नं0 – 2
इधर की माप 43'–4"

*दक्षिण* :– सर्कुलर रोड़
इधर की माप 50'–0"

*पुरब* :– सरिता देवी की जमीन
इधर की माप 81'–8"

*पश्चिम*:– प्रस्तावित रास्ता
इधर की माप 70'–0"

ATTESTED




Reema Kumari



Reema Kumari

प्रमाणित किया जाता हैं, कि प्रत्येक व्यक्ति जिनका इस दस्तावेज में फोटो चिपकाया गया हैं, के बॉये हाथ के अंगुलियों का निशान मेंरे समक्ष लिया गया हैं।

ATTESTED 3/9/21
GOVT. OF JHARKHAND

**घोषण** :-- उक्त कामत सत्व की जमीन Land Reforms Act की धारा 6 के अनुसार हस्तांतरण योग्य हैं। जिसकी पुष्टि पटना हाईकोर्ट के मुकदमा C. W. J. C. नं0 -- 738 में गत तारीख 07/06/1969 के फैसले P. L. J. R. पृष्ठ सं0 -- 373 के द्वारा होती हैं।

उक्त संपत्ति देहाती क्षेत्र में पडता हैं। निर्धारित मुल्याकंन के अनुसार स्टॉम्प दिया गया हैं।

**गवाहान** :--

(1) ललन कुमार पाण्डेय
कालिका विहार (कुरकुराया)
बी. देवघर
10.03.2006

(2) Sanjeev Kr. Jha
10/3/06

(3) Subodhanand J
10.3.06

MEMO OF CONSIDERATION.


RECEIVED a sum of Rs. 30,000/- Thirty Thousand only By cheque No:- 899731 Dated 9-3-06 payble at Punjab National Bank, Deoghar.

ATTESTED
8/3/5/21
NOTARY REGD. NO. 225/3
GOVT. OF JHARKHAND




PLAN OF LAND UNDER MOUZA - RAMPUR, NO - 581, P. S. - MOHANPUR, DIST - DEOGHAR, UNDER, J. B NO - 55, OF PLOT NO - 208, SUB PLOT NO - 1, AREA - 3497 Sqft., SHOWN IN RED COLOUR, BELONG'S TO SRI KASHINATH CHOKARVORTY & OTHER'S, AND NOW SOLD TO Smt. RIMA DEVI W/O SRI RAJNIKANT JHA, OF NITA KINDAR GARDEN GALI, P. S. & DIST - BANKA.

500Rs.




लेख्य प्रकार :— विक्रय पत्र

सम्पत्ति की कीमत :— कुल 30,000/— रूपये मात्र

सम्पत्ति का विवरण :— निम्न तफसील सम्पत्ति में वर्णित हैं।

(1)

ATTESTED